दिन– रविवार | दिनांक– 13/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में आज दूसरे दिन भी विभिन्न हिस्सों में गाजे–बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है। पटना, मुंगेर, गया, भागलपुर सहित विभिन्न शहरों में सार्वजनिक पूजा समितियों द्वारा विसर्जन के दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इधर, गया में कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के पांच लाइसेंसी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मुंगेर में शादीपुर स्थित प्रसिद्ध बड़ी दुर्गा महारानी पूजा समिति द्वारा धूम–धाम से प्रतिमा विसर्जन किया गया। इस अवसर पर विसर्जन यात्रा ने पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान झुमते और गाते हुए भक्तों ने मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी। इधर, मूर्तियों के विसर्जन के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, एनजीटी ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। एनजीटी के निर्णय के अनुसार नदियों में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिलों में प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के घाटों के समांतर कृत्रिम तालाब तैयार किये गये हैं। पटना में गंगा नदी के किनारे जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से तेरह कृत्रिम कुंड बनाये गये हैं।

———————————————————————

प्रदेश में पन्द्रह अक्तूबर से बालू खनन की निगरानी ड्रोन के जरिये शुरु होगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इससे अवैध खनन रोकने में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन के बारे में विभाग को जानकारी देने वाले लोगों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी और ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि खनन और भू तत्व विभाग राजस्व अर्जित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर तक पांच सौ पचहत्तर करोड़ का राजस्व मिला था, जो इस वर्ष एक हजार चौंतीस करोड़ है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट की निगरानी केंद्रीकृत सिस्टम– सीएमएस के माध्यम से करने का निर्णय किया है। ये सोलर लाइट जलवायु

परिवर्तन की चुनौती से निपटने में मददगार होगी। बिहार अक्षय ऊर्जा एजेंसी, ब्रेडा के निदेशक निलेश देवड़े ने बताया कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत पंचायती निकायों के प्रत्येक वार्ड में दस सोलर लाईट लगायी जायेगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाईट योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में आठ लाख छिहत्तर हजार से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जाने हैं। इसमें से तीन लाख पैंसठ हजार से अधिक सोलर लाइट लगायी जा चुकी है। श्री देवड़े ने बताया कि सीएमएस के माध्यम से लाइट के काम करने की अवधि, रौशनी में खराबी और बैट्री की क्षमता की स्थिति का पता लग सकेगा। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे कई प्रखंडों में लागू किया गया था, जो सफल रहा है।

———————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह परीक्षा अब चौदह दिसम्बर को होगी। पहले परीक्षा की तिथि पन्द्रह दिसम्बर निर्धारित थी। बोर्ड ने इस संबंध में वेबसाईट पर सूचना अपलोड कर दी है।

———————————————————————————

गृह मंत्रालय ने सभी केन्द्रीय विभागों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से इस महीने की चौबीस तारीख को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण भवनों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र का ध्वज लगाने का आग्रह किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे– धीरे कमी दर्ज की जा रही है। हालांकि तापमान अब भी सामान्य से एक से दो डिग्री अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना नहीं है।

———————————————————————————

दरभंगा में आज डिजिटल युग में पत्रकारिता की भूमिका और चुनौतियां विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ

विधायक विनय कुमार चौधरी ने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता के समक्ष कई चुनौतियां मौजूद हैं।

—————————————————————————

मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही अस्पताल के पास दो मोटरसाईकिल की आमने–सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पिपराही अस्पताल में चल रहा है।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।